भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †3435

सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में पर्यटन को प्रोत्साहन

†3435. श्री अनूप संजय धोत्रेः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में पर्यटन को प्रोत्साहन देने पर विशेष ध्यान दे रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा महाराष्ट्र राज्य में सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्य किए जा रहे हैं;

(ग) महाराष्ट्र में सरकार द्वारा पर्यटन के विस्तार और दायरे पर क्या विचार किया जा रहा है;

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा स्वीकृत और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) महाराष्ट्र के तटीय और शहरी क्षेत्रों में पर्यटन उद्योग के विस्तार के लिए सरकार द्वारा उठाए गए या उठाए जाने वाले कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों और महोत्सवों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों को सहायता इत्यादि सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से एक पर्यटक गंतव्य के रूप में भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। मंत्रालय अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया के माध्यम से महाराष्ट्र सहित विभिन्न पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों का भी संवर्धन करता है।

मंत्रालय आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच), स्वदेश दर्शन, तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन और पर्यटन अवसंरचना विकास योजनाओं के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता की अपनी योजनाओं के तहत महाराष्ट्र सहित तटीय और शहरी पर्यटन के संवर्धन और विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन, प्रशाद, पर्यटन अवसंरचना विकास योजनाओं के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

मंत्रालय ने देश में स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ साझेदारी में पर्यटन स्थलों के एकीकृत विकास के लिए एक सुदृढ ढांचा तैयार करने के मिशन से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के तौर पर नया रूप दिया है। इस योजना के तहत, महाराष्ट्र में सिंधुदुर्ग को विकास के लिए चिह्नित किया गया है।

******

अनुबंध

श्री अनूप संजय धोत्रे द्वारा महाराष्ट्र में पर्यटन को प्रोत्साहन के संबंध में दिनांक 16.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †3435 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:-

(लाख रू. में)

राज्य	**परिपथ/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**	**उपयोग की गई राशि***
महाराष्ट्र	तटीय परिपथ 2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (तट और क्रीक), मितभाव का विकास	1906	1810	1761
महाराष्ट्र	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	वाकी- अडासा- धापेवाड़ा- पारदसिंघा- तेलनखंडी- गिराड का विकास	4547	4319	3204

महाराष्ट्र राज्य के लिए प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

राज्य	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति का वर्ष**	**स्वीकृत लागत (लाख रू. में)**	**जारी की गई राशि (लाख रू. में)**
महाराष्ट्र	त्र्यंबकेश्वर का विकास	2017-18	42.18	29.93

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

राज्य का नाम	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**एजेंसी**	**स्वीकृत राशि (लाख रू. में)**	**जारी की गई राशि (लाख रू. में)**
महाराष्ट्र	2016-17	पर्यटन स्थल के रूप में कानोजी आंग्रे लाइटहाउस के विकास के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता	मुंबई पोर्ट ट्रस्ट	1500	1500
महाराष्ट्र	2017-18	इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण	मुंबई पोर्ट ट्रस्ट	1250	1250
महाराष्ट्र	2021-22	इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण	मुंबई पोर्ट ट्रस्ट	3750	3600

****